**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या-203 /11/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2025-26/02-परीक्षा/2025**

लखनऊ : दिनांक : 11 सितम्बर, 2026

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2025, लेखपाल मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/01 के अंतर्गत राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन लेखपाल के कुल रिक्त 7994 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन/शुल्क जमा/आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 28.01.2026 थी। प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत लिखित परीक्षा (मुख्य) दिनांक 21.05.2026 को आयोजित की गयी थी।

सूच्य है कि विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2025 के अंतर्गत लेखपाल के रिक्त उक्त कुल 7994 पदों के सापेक्ष आयोजित लिखित परीक्षा (मुख्य) के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट क्रम में अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह कुल 28409 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कट-ऑफ अंक मा0 आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है।

**अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों का उक्त परिणाम अंतिम चयन परिणाम नहीं है। अतएव अर्हता/अभिलेख हेतु घोषित इस परिणाम में सम्मिलित होने के आधार पर अंतिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। चयन सम्बन्धी अंतिम परिणाम अर्हता/अभिलेख परीक्षण के उपरांत यथासमय घोषित किया जायेगा।**

सूच्य है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित अभ्यर्थियों को अभिलेख अपलोड किये जाने के संबंध में यथासमय पृथक से आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

तदनुक्रम में सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2025, लेखपाल मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/01 के अंतर्गत कुल रिक्त 7994 पदों के सापेक्ष अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह 28409 अभ्यर्थियों का परिणाम तथा कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध Results Segments पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

11.9.26
(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।**

संख्या- 1012 /गोपन/01/01/2026

लखनऊ : दिनांक 11 सितम्बर, 2026

## कट-ऑफ

विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2025, लेखपाल मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/01 के अंतर्गत लेखपाल पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा (मुख्य) के प्राप्तांकों के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिए अर्ह अभ्यर्थियों का श्रेणीवार कटऑफ अंक-

**लम्बवत आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी | कटऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 58.75 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 51.25 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 44.00 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 55.75 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 55.25 |

**क्षैतिज आरक्षण**

<table>
<tr><th>क्र0सं0</th><th colspan="3">श्रेणी/उपश्रेणी</th><th>कटऑफ अंक</th></tr>
<tr><td>1</td><td colspan="3">स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित</td><td>34.25</td></tr>
<tr><td>2</td><td colspan="3">महिला</td><td>49.25</td></tr>
<tr><td>3</td><td colspan="3">सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक</td><td>30.50</td></tr>
<tr><td rowspan="10">4</td><td rowspan="10">दिव्यांगजन</td><td colspan="2">(क)</td><td>पद विज्ञापित नहीं हैं।</td></tr>
<tr><td>(ख)</td><td>H.H.</td><td>30.75</td></tr>
<tr><td rowspan="6">(ग)</td><td>O.A.</td><td>43.25</td></tr>
<tr><td>O.L.</td><td>47.50</td></tr>
<tr><td>L.C.</td><td>उपलब्धता की सीमा तक समस्त अभ्यर्थी चिन्हित।</td></tr>
<tr><td>Dw.</td><td>उपलब्धता की सीमा तक समस्त अभ्यर्थी चिन्हित।</td></tr>
<tr><td>A.A.V.</td><td>उपलब्धता की सीमा तक समस्त अभ्यर्थी चिन्हित।</td></tr>
<tr><td>(ग)</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">(घ)</td><td>पद विज्ञापित नहीं हैं।</td></tr>
<tr><td>(ड़)</td><td>M.D.</td><td>उपलब्धता की सीमा तक समस्त अभ्यर्थी चिन्हित।</td></tr>
<tr><td>5</td><td colspan="3">उत्कृष्ट खिलाड़ी</td><td>उपलब्धता की सीमा तक समस्त अभ्यर्थी चिन्हित।</td></tr>
</table>

11.9.26
(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।